हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026

07 नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी...



08 खेतों में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध





## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन पंजीयन तिथि 10 तक बढ़ी

**सीहोर।** प्रदेश के किसानों के हित में मध्यप्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था को और अधिक किसान हितैषी बनाया है। किसानों को पंजीयन के लिए पर्याप्त समय मिल सके, इसके लिए गेहूं उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। साथ ही सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस प्रकार अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते निर्णय लिया गया है। इससे अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री श्री राजपूत ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जिससे प्रदेश के अन्नदाता को सीधा लाभ मिल सके।

### रंगपंचमी के अवसर पर आज जिले में रहेगा शुष्क दिवस

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री बालागुरू के. द्वारा 08 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले की समस्त 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल होटलबार, एफएल रिसोर्ट बार, गोदाम तथा समस्त देशी मद्यभाण्डागार शाम 05 बजे तक बंद रहेंगे।

### चल रहा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 07 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 60 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# गमी की होली पर रंग नहीं डलने से भड़का था आरोपी हरिसिंह, दो दिन पहले दी थी धमकी

**बेटे की मौत का बदला लेने के जुनून में ताऊ ने उजाड़ा भाई का आंगन, मृतकों के पिता ने चार बार पुलिस से मांगी थी सुरक्षा, डर के मारे घर में कैद था परिवार, राशन भी घर पहुंचाती थी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धिकगंज थाना अंतर्गत ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार को हुए भाई-बहन के दोहरे हत्याकांड के पीछे की कहानी किसी डरावनी फिल्म से कम नहीं है। यह वारदात केवल जमीन के विवाद का नतीजा नहीं थी, बल्कि इसमें बदले की आग, सामाजिक बहिष्कार का गुस्सा और प्रशासनिक अनदेखी शामिल हैं। पड़ताल में सामने आया है कि मुख्य आरोपी हरिसिंह मालवीय ने दो दिन पहले ही गांव वालों को चेतावनी दे दी थी कि कुछ ऐसा करूंगा कि पूरा गांव याद रखेगा।

### गमी की होली ने चढ़ाया पारा

वारदात से ठीक पहले गमी की होली ने बारूद में चिंगारी का काम किया। परंपरा के अनुसार गमी वाले घर में ग्रामीण रंग डालने पहुंचते हैं, लेकिन हरिसिंह के घर कोई नहीं गया। जब हरिसिंह ने ग्रामीणों से इसका कारण पूछा तो उन्होंने साफ कह दिया जब तुम्हारे बेटे की अंत्येष्टि में आए थे, तब तुमने गाली देकर भगाया था, इसलिए हम नहीं आए। ग्रामीणों की इस बात से तिलमिलाए हरिसिंह ने उसी वक्त पूरे गांव को धमकी दे डाली थी।

### आरोपी का घर फूंका, पुलिस से झूमाझटकी

धरमपुरी में जमीनी विवाद के चलते हुए हत्याकांड के बाद ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। किसी अज्ञात व्यक्ति ने आरोपी हरिसिंह के घर में आग लगा दी, जिसे पुलिस ने समय रहते बुझाया। आक्रोशित परिजनों की पुलिस से तीखी झड़प भी हुई। वर्तमान में चारों मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि स्थिति और न बिगड़े। वरिष्ठ अधिकारी भी नजर बनाए हुए है।

### आरोपी के बेटे की हादसे में हुई थी मौत

बता दें घटना की पटकथा करीब छह महीने पहले 21 अक्टूबर 2025 को लिखी गई थी, जब हरिसिंह के 23 वर्षीय बेटे की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हरिसिंह इसे हादसा मानने को तैयार नहीं था, उसका शक था कि उसके छोटे भाई जगदीश ने साजिश रचकर उसके बेटे को मरवाया है। वन भूमि के पुराने विवाद ने इस शक को गहरी रंजिश में बदल दिया। रंजिश के चलते दो मासूमों ने अपनी जान गंवा दी

**धर्मपुरी डबल मर्डर 'इनसाइड स्टोरी'**




### खौफ के साए में था पीड़ित परिवार

इनसाइड स्टोरी में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि मृतक कुलदीप और शीतल का पिता जगदीश पिछले कई महीनों से मौत के साये में जी रहा था। वह हरिसिंह के डर से इतना भयभीत था कि घर से बाहर तक नहीं निकलता था। जगदीश ने पुलिस अधिकारियों को चार बार आवेदन देकर अपनी और परिवार की जान को खतरा बताया था। डर का आलम यह था कि जगदीश राशन दुकान तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। ग्रामीणों ने बताया जा रहा है कि कई बार पुलिस ने खुद उसके घर राशन पहुंचाया था।

### भाई-बहन पर यमराज बनकर टूटे अपने

शुक्रवार सुबह जब 18 वर्षीय कुलदीप अपनी 20 वर्षीय बहन शीतल के साथ 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने बाइक से निकला तो उसे क्या पता था कि रास्ते में उसका सगा ताऊ और चचेरा भाई मौत बनकर खड़े हैं। आरोपी हरिसिंह और उसके बेटे हेमंत ने लाठियों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई को बचाने के चक्कर में शीतल ने भी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।





## अफसरों की वादा खिलाफी से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

# जनसंवाद में नहीं पहुंचने पर 11 गांव के ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार का एलान

नर्मदा परियोजना से वंचित किसानों की खुली चेतावनी, सरकार की योजनाओं का नहीं लेंगे लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी ने ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे 11 गांवों के ग्रामीणों ने अब आर पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। मामला उस समय गरमा गया जब 6 मार्च को तय जनसंवाद के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जबकि अधिकारियों ने खुद 2 मार्च को यहां आने का वादा किया था।

अफसरों के इस रवैये से आक्रोशित ग्रामीणों ने अब केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार की सभी योजनाओं का त्याग करने और आगामी चुनावों में पूर्ण मतदान बहिष्कार का कड़ा फैसला लिया है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उन्हें सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता, वे किसी भी सरकारी गतिविधि का हिस्सा नहीं बनेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें झांसा देकर शांत करने की कोशिश की गई, जिससे उनकी नाराजगी अब भारी आक्रोश में बदल गई है।



### योजनाओं का त्याग, मतदान का बहिष्कार

अधिकारियों के इस रवैये से दुखी ग्रामीणों ने अब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि वे केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं लेंगे। आगामी चुनावों में सभी 11 गांवों के मतदाता पूरी तरह से मतदान का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक उन्हें सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी नहीं मिलता वे किसी भी सरकारी गतिविधि में सहयोग नहीं करेंगे।

### स्मार्ट मीटर का विरोध, कर्मचारियों को खदेड़ा

नाराजगी का आलम यह है कि ग्राम दुदलाई में बिजली कंपनी के कर्मचारियों को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। गांव में स्मार्ट मीटर लगाने आए ठेकेदार और कर्मचारियों को ग्रामीणों ने नारेबाजी कर वहां से भगा दिया। किसानों का कहना है कि पाइपलाइन गांव के सामने से गुजर रही है, फिर भी उन्हें पानी से वंचित रखा गया है। ऐसे में वे गांवों में किसी भी तरह का नया काम नहीं होने देंगे।

### अनदेखी से निराश किसान

ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र है और प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का विधानसभा क्षेत्र है। किसानों का कहना है कि वे कई बार इन दिग्गज नेताओं से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासनों की घुट्टी पिलाई जा रही है। समस्याए जस की तस ही बनी हुई है। ग्राम दुदलाई, दौलतपुर, रूगनाथपुरा, रूपदी, रूपादेह, गादिया, बोदरीखुर्द, डूण्डलावा, बावडियागौसाई, लालियाखेड़ी और कुण्डीखाल के ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया कि वह आगामी चुनावों के मतदान का बहिष्कार करेंगे।

# सात दिन के बाद भी अस्पताल प्रबंधन पर नहीं हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नगर के निजी विजयासन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में 12 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। घटना के समय प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्राम बोरघाटी निवासी मनीराम को तबीयत बिगड़ने पर रेहटी के निजी विजयासन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। लेकिन लगभग 7 दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ किसी प्रकार की स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे क्षेत्र में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। थाना प्रभारी राजेश कहारे का कहना है कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी प्रकरण पंजीवद कर लिया था और मामले के जाँच के संबंध में जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी गई है। कार्यवाही प्रशासन को करना है, वहीं नायब तहसीलदार ने बताया कि कार्यवाही के लिए बीएमओ को पत्र लिखा गया है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है और निजी अस्पतालों की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक इस तरह के मामलों में केवल आश्वासन दिए जाते रहेंगे और ठोस कार्रवाई नहीं होगी।

### खाद, बीज और कीटनाशक की पर्याप्त व्यवस्था

**सीहोर।** मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण और कृषि के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, आधुनिक कृषि को बढ़ावा देना तथा कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाना है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये आदान व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने 64,955 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है, जिससे किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराए जा सकें और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। सीहोर जिले में किसानों को आवश्यक बीज और उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। जिले में गेहूं, चना, मसूर, सरसों सहित विभिन्न फसलों के बीजों की पर्याप्त उपलब्धता कराई गई है, जिससे किसानों को समय पर बीज मिल सके। जिले में कुल 01 लाख 28 हजार क्विंटल से अधिक बीज की मांग के मुकाबले 01 लाख 15 हजार क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध कराए गए हैं।

# मंडी चौराहे पर नवागत जिलाध्यक्ष वास्तवार का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए पिछला एक सप्ताह दोहरी खुशियों की सौगात लेकर आया है। संगठन की मजबूती के लिए पार्टी ने जिले की कमान युवा और सक्रिय चेहरा माने जाने वाले चेतन वास्तवार भैयाद्ध को सौंपी है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार सीहोर पहुंचे चेतन वास्तवार का कार्यकर्ताओं ने मंडी चौराहे पर ढोल-धमाकों और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता मंडी चौराहे पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने चेतन वास्तवार को फूलों के हारों से लाद दिया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर द्वारा जारी सूची में चेतन की नियुक्ति को जिले में संगठन विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि गन्नू भैया के नेतृत्व में पार्टी जिले में एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी।



## सनातनी दुपट्टा पहनकर और रामधुन गाते निकले पाटीदार समाज के लोग

# एकतरफा पुलिस कार्रवाई के खिलाफ खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल के मिसरोद में साध्वी रंजना से जुड़े विवाद के बाद पाटीदार समाज के युवाओं पर की गई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में शनिवार को सीहोर जिला पाटीदार समाज ने हुंकार भरी। बड़ी संख्या में समाजजन गले में सनातनी दुपट्टा पहनकर सडक़ों पर उतरे और अनोखे अंदाज में रामधुन गाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। पाटीदार समाज के मनोज गुजराती ने बताया कि बीती 25 फरवरी को भोपाल के मिसरोद क्षेत्र में साध्वी रंजना के साथ हुए विवाद में पुलिस ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। समाज का आरोप है कि पुलिस ने केवल एक पक्ष की बात सुनकर पाटीदार समाज के युवाओं पर गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज कर दिया।



### न मेडिकल हुआ, न सुनी फरियाद

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आपसी विवाद में समाज के युवाओं को भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्होंने मिसरोद थाने में इसकी शिकायत भी की, लेकिन पुलिस ने न तो घायलों का मेडिकल कराया और न ही उनकी एफआईआर दर्ज की। उल्टा अब अन्य युवाओं को भी डराया-धमकाया जा रहा है। समाज ने मांग की है कि पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई हो। समाज के युवाओं को बेवजह परेशान करना बंद हो। एकतरफा दर्ज की गई एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए।

### जिहादी शब्द पर भारी आक्रोश

समाजजनों ने इस बात पर भी गहरा दुख और गुस्सा जताया कि विवाद के दौरान समाज को जिहादी कहा गया और डीएनए परीक्षण जैसी अपमानजनक बातें की गईं। इसके विरोध में समाज ने एक सभा आयोजित कर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। पाटीदार समाज ने स्पष्ट किया कि समाज की प्रतिष्ठा के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमतौर पर नारेबाजी के साथ ज्ञापन सौंपे जाते हैं, लेकिन पाटीदार समाज ने सनातनी पहचान को प्राथमिकता देते हुए रामधुन का पाठ किया। मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन किया।

### ये रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम सौंपे गए ज्ञापन के दौरान मनोज गुजराती, रघुनंदन निगोदिया, मुकेश मास्टर साहब, राजीव गुजराती, सुभाष पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, विष्णु प्रसाद पटेल, मनोहर पाटीदार, सुरेश पाटीदार, रमेश पाटीदार, दिनेश पाटीदार, सियाराम, घनश्याम, प्यारेलाल, विष्णु बेलावत, लक्ष्मी नारायण पटेल, भगवान सिंह, श्रीनाथजी, रामनारायण, पूर्व सरपंच मनोज पाटीदार, नर्मदा प्रसाद, जिला अध्यक्ष परमानंद, अजय, जगमोहन, नवीन, रामकिशन सहित मुंगावली और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजजन मौजूद रहे।

# अस्मिता पहल के तहत चर्च मैदान पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 09 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में तीन आयु वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं सहभागिता करेंगी, जिसमें अंडर 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल होंगी। इच्छुक महिला प्रतिभागी पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकती हैं जिसके लिए उन्हें इस पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणित करना होगा। विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा आयोजन में अधिक से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**सीहोर, भैरूंदा विशेष**




# प्रकृति ने स्त्री को सौंपा मातृत्व का बल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ समानता के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया में आयोजित किया जाता है।

**प्रकृति** ने स्त्री को संवेदनशील, सहनशील, परवाह करने वाली, सेवाभावी और त्यागी बनाया है। बड़ी बहनें अपने छोटे भाई-बहनों का या छोटी-छोटी बच्चियां भी बड़े भाई और पिता का जैसा ख्याल रखती हैं, उससे साफ है कि मातृत्व भाव होने के लिए स्त्री होना ही पर्याप्त है।

## कैसे गुंथता गया यह गुण

कुदरत ने औरत को मां के रूप में तैयार किया है। उसके तमाम गुण और खूबियां बच्चे के पालन-पोषण के लिहाज से विकसित होती गई हैं। बच्चे के जन्म के एक-डेढ़ साल तक मां को रोजाना अपने नींद की जितनी कुर्बानी देनी पड़ती है और दिनभर जिस तरह खटना पड़ता है, कोई अन्य व्यक्ति या तो गंभीर पड़ जाएगा या उसकी दिमागी हालत बिगड़ जाएगी। परंतु मां तो बच्चे की मुस्कान देखकर खुश और संतुष्ट हो जाती है। रातभर जागने के बाद भी उसे सुबह सोने नहीं, बच्चे के लिए खाना बनाने या अन्य इंतजाम करने की चिंता रहती है।

जहां तक गर्भावस्था की बात है, इस दौरान स्त्री की भावनाओं और मन में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलते हैं। ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन के स्राव के चलते न सिर्फ गर्भस्थ शिशु के साथ उसका मजबूत बंधन बनता है, बल्कि प्यार और सुख का अलग अनुभव भी होता है। दुग्धस्राव के दौरान स्तन कोशिकाओं में होने वाले व्यापक परिवर्तन आगे चलकर स्तन कैंसर सहित ओवेरियन, इंडोमेट्रियल कैंसर के खतरों को कम करते हैं। गर्भावस्था के दौरान होने वाले परिवर्तनों से मल्टीपल स्क्लेरॉसिस का खतरा आधा हो जाता है।

**ऑस्ट्रेलिया में हुए एक शोध में यह बात सामने आई कि गर्भावस्था के दौरान महिला का प्रतिरक्षा तंत्र स्वयं में बदलाव करता है, ताकि वह शिशु को नुक़सान न पहुंचा बैठे।** प्राकृतिक प्रतिरक्षा तंत्र का यह व्यवहार तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने वाली सूजन को भी कम करता है। यही नहीं, देखा गया है कि सामान्य प्रसव वाली महिलाएं लंबे समय तक माहवारी की पीड़ा से बची रहती हैं।

## अपनी कस्तूरी से सुवासित

एक अध्ययन से पता चला है कि शिशु जन्म के कुछ हफ्तों बाद मां के मस्तिष्क में व्यापक परिवर्तन होते हैं। मसलन हाइपोथैलेमस, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स और एमिग्डेला सहित मस्तिष्क क्षेत्रों की



सिद्ध होते हैं। मां कभी जिम्मेदारी से नहीं भागती। छह महीने बाद जब वह शिशु को दूध पिलाना कम करती है तो यह नहीं सोचती कि चलो, छुट्टी हुई, बल्कि वह बढ़े हुए दायित्वों के लिए तैयार होती है। थोड़ी-सी जागरूकता के साथ इन सारे गुणों और क्षमताओं का दफ़्तर और व्यवसाय में भी सदुपयोग किया जा सकता है।

**मातृत्व के अपने जन्मजात गुणों के कारण महिलाएं शिक्षण, देखभाल, सेवा,** तकनीक और आइडिया का मेल करते हुए आज की दुनिया में असंख्य रोजगार सृजित किए जा सकते हैं।

सबसे बड़ी बात, इस गुण से युक्त महिला, भले ही वह किसी भी उम्र की हो, मां हो या न हो, हमेशा सकारात्मक रहती है। आज के तनाव भरे समय में, ख़ासकर कॅरिअर की मांगों और दबावों के बीच यह सकारात्मकता सबसे बड़ा संबल बन सकती है।













































### जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय की थी महिला से छेड़छाड़ का आरोप, नहीं बना जाति प्रमाणपत्र

# नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने

## दुष्कर्मी महेश पटवारी की शिकायत लेकर थाने पहुंची एक ओर दलित पीड़ित महिला

## 3 वर्ष बीतने के बाद भी महिला की शिकायत पर आज तक नहीं हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

निलम्बित पटवारी महेश साहू को नाबालिग छात्रा के नहाते समय अश्लील वीडियो बनाने के अपराध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता धारा- 77 , पास्को एक्ट 13/14 तथा आई पी सी एक्ट की धारा- 66 ई के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय पेश किया था,जिस पर न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है,वही एसडीएम द्वारा उसे निलम्बित भी किया गया है।

### आदतन करता आया है महिलाओं का उत्पीडन

इसी दुष्कर्मी महेश पटवारी से 3 वर्ष से पीड़ति महिला नीता वंशकार दुष्कर्मी के खिलाफ दिये आवेदन पर कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पहुंची। आप को बता दें कि तीन वर्ष पहले इसी पटवारी द्वारा महिला को छेड़छाड़ की गई थी,लेकिन पटवारी की दबंगाई के चलते कोई एफआईआर नहीं हुई थी ,जबकि पीड़ति महिला ने एसडीओपी कार्यालय,एस पी कार्यालय,महिला आयोग में भी इसकी शिकायत की



थी लेकिन आज तक एफ आई आर नहीं हुई थी। दुष्कर्मी पटवारी द्वारा साठ गांठ कर मामले को दबा दिया गया था। तब से अब तक महिला ने बहुत चक्कर लगाये लेकिन बस आश्वासन ही मिलता रहा कार्य वाही नहीं हुई।

### 3 साल पहले बेनकाब हो जाता तो मासूम न बनती शिकार

पीड़ित नीता ने बताया कि दुष्कर्मी महेश पटवारी पर यदि पहले ही पुलिस मेरे आवेदन पर कार्य वाही कर देती तो आज एक नाबालिक लड़की का इस प्रकार



परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

**पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (50) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

वीडियो बनाने की दुष्कर्मी की हिम्मत नहीं होती।

### पटवारी की सांठ-गांठ से दबा दी गई मेरी शिकायत

नीता वंशकार ने अपने साथ हुई वारदात की शिकायत पुलिस थाना खिलचीपुर में 3 वर्ष पहले की थी,लेकिन पटवारी द्वारा थाने में सांठ-गांठ कर मामले को दबा दिया गया था,जिसकी शिकायत मेने अपने पति के साथ जाकर एस पी साहब को भी की थी।यही नहीं मेने महिला आयोग ओर 181 पर भी शिकायत की थी,लेकिन पटवारी के रसूख के आगे मेने हार मान ली थी।

### बिना जाति प्रमाणपत्र पढ़ने को मजबूर

मेरे बच्चे बिना जाति प्रमाणपत्र के पढ़ने को मजबूर,नहीं बन रहा जाति प्रमाणपत्र। पटवारी द्वारा मेरे साथ हुई छेड़खानी की वारदात की शिकायत पुलिस थाने में करने के बाद दुष्करमी पटवारी ने मेरे बच्चे के जाति प्रमाण पत्र के कागजाद पर ऐसी टिप लगाई कि आज तक मेरे बच्चे का जाति प्रमाण पत्र आज तक नहीं बन पाया। में शासन से अपील करती हूं कि मेरे बच्चे का जाति प्रमाणपत्र पुनः जांच कर बनवाने की कृपा करें।

**इनका कहना है**

हां ,महेश पटवारी के विरूद्ध एक ओर आवेदन आया है, जांच कर कार्यवाही की जावेगी।

**उमाशंकर मुकाती,** टीआई खिलचीपुर।

### प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने का संकल्प

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के पीपल चैराहा स्थित नगर पालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गुरूवार रात्रि को पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय "छोटी पहल बड़ा परिवर्तन, प्लास्टिक फ्री हमारा नगर" था। इस कार्यक्रम में शहर के पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने भाग लिया और प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज की जीवन पद्धति प्रकृति से जुड़ी हुई है। हम प्रकृति पूजक हैं और हमारी संस्कृति में धरती को माता का दर्जा दिया गया है। सेठिया ने चिंता व्यक्त की कि आज समाज पर्यावरण के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। उन्होंने वनों की कटाई, प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और नदियों के प्रदूषण को हमारी संस्कृति के विपरीत बताया। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन में अपनाएं, तो यह धरती स्वर्ग समान बन सकती है। जहां गंदगी, प्रदूषण और पॉलिथीन के ढेर दिखाई देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शासन का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न मानकर कर्तव्यों के पालन का हिस्सा बताया। सेठिया ने प्लास्टिक को एक ऐसा जिन्न बताया जो आसानी से नष्ट नहीं होता, इसलिए इसके उपयोग को कम करना आवश्यक है। इन इको ब्रिक्स में पॉलीथीन भरकर ईंट के रूप में तैयार किया जाता है, जिनसे शहर में रचनात्मक डिजाइन बनाई जा रही हैं। पीपल चैराहे पर स्थापित आई लव ब्यावरा की आकृति भी इन्हीं इको ब्रिक्स से निर्मित है। इस अवसर पर समाजसेवी रामबाबू गुप्ता और अनिला गुजराती भी उपस्थित रहे।

# आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर लीड कॉलेज में संवाद कार्यक्रम आयोजित

## विकसित भारत युवा संसद-2026 के तहत आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विकसित भारत युवा संसद-2026 के अंतर्गत लीड महाविद्यालय में शुक्रवार दोपहर जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" रखा गया। विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम हेतु माय भारत पोर्टल पर 108 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था जिनमें से 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों की वाक-कला, तर्कशक्ति एवं समसामयिक विषयों पर उनके दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जयसिंह राठौड़ तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार शामिल रहे। वहीं द्वितीय चरण में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी तथा ब्यावरा महाविद्यालय के प्रोफेसर घनश्याम नागर ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### पांच प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए चयनित

पांच प्रतिभागियों पायल यादव, राम गुप्ता, आनंद शर्मा, जय कुशवाह तथा रोहित कुशवाह का चयन किया गया। ये सभी चयनित प्रतिभागी आगामी 10 मार्च को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे, नोडल अधिकारी डॉ. मंगलेश सोलंकी, सह नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा, आराधना यादव, प्रकाश कुमार अहिरवार सहित स्टाफजन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बीएससी प्राइवेट फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा।** राष्ट्रीय छात्र संघ द्वारा आज शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा के प्राचार्य के माध्यम से बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। त्एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म भरने की व्यवस्था बंद कर दी गई है। इसके कारण अनेक ऐसे छात्र-छात्राएँ जो आर्थिक, पारिवारिक अथवा अन्य कारणों से नियमित रूप से कॉलेज में प्रवेश लेने में असमर्थ हैं, वे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्राइवेट माध्यम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण



साधन था। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए बीएससी प्राइवेट परीक्षा फॉर्म पुनः प्रारंभ किए जाएँ, ताकि आर्थिक और सामाजिक कारणों से नियमित अध्ययन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। साथ ही छात्र नेता ललित सोलंकी, विधानसभा उपाध्यक्ष बंटी सोंधिया, महासचिव रीतेश चैहान आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय मानकों पर आधारित स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद

# पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। नगर स्थित गवली हॉस्पिटल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा प्रमाणन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही गवली हॉस्पिटल कुरावर क्षेत्र का पहला एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल बन गया है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह प्रमाणन अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति की आधिकारिक पुष्टि करता है। एनएबीएच प्रमाणन प्राप्त करने के लिए अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित कड़े मानकों का पालन करना पड़ता है। इसके तहत अस्पताल में सुदृढ़ भवन संरचना, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षित मेडिकल टीम तथा व्यवस्थित कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाती है। मानकों पर हुआ विस्तृत मूल्यांकन प्रमाणन प्रक्रिया के दौरान अस्पताल में भवन सुरक्षा, फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल, दवा प्रबंधन प्रणाली और मरीज सुरक्षा मानकों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही स्पष्ट लिखित एसओपी मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ का नियमित प्रशिक्षण, आंतरिक गुणवत्ता ऑडिट और निरंतर सुधार प्रणाली भी सुनिश्चित की गई। वैधानिक स्वीकृतियां भी पूर्ण अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक




सभी कानूनी औपचारिकताएं भी पूरी की गई हैं। इनमें क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन, फायर एनओसी, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण स्वीकृति तथा फार्मेसी लाइसेंस शामिल हैं। प्रबंधन ने जताया आभार अस्पताल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उपचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भविष्य में भी सुरक्षित, पारदर्शी और मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए इसे कुरावर के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

### चौथे दिन कबड्डी व रस्साकसी स्पर्धा हुई

## हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव

**सारंगपुर।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर खेलकूद गतिविधियों के तहत कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 9 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद करेड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्यावरा की टीम द्वितीय और तुकोगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में बाड़ीगांव की टीम ने पहला स्थान हासिल किया और तुकोगंज की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अशोक साहू,सुशील व्यास, भूपेंद्र जोशी सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

# वार्डवासियों ने स्वच्छता सहित कई मांगों को लेकर नपा प्रभारी, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 खारिया मार्ग के रहवासियों ने क्षेत्र में फैली गंदगी, अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर नगर पालिका प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा।

वार्डवासियों का कहना है कि खारिया मार्ग के बीच सड़क पर आए दिन गंदगी फैली रहती है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने नियमित साफ-सफाई करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड के मुख्य मार्ग पर बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही प्रवेश मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा झाड़ियों लगाकर अवैध



अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसे हटाने की मांग भी की गई। इसके अलावा सड़क पर नालियों का गंदा पानी बहने के कारण आवागमन में नागरिकों को काफी दिक्कत हो रही है। वार्डवासियों ने गंदे पानी की निकासी के लिए नई और स्थायी नालियों का निर्माण करवाने की मांग रखी। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे कचरे के ढेर को स्थायी रूप से हटाकर नगर के टीचिंग ग्राउंड में प्रतिदिन कचरा डलवाने की मांग भी की गई। वार्डवासियों का कहना है कि इससे पहले भी साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था, लेकिन नगर पालिका द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। इस दौरान राहुल पुष्पद, सिद्धूलाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, राहुल सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।

### स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली का त्यौहार हर्ष उल्लास से मनाया

**राघौगढ़।** साडा कॉलोनी स्थित फार्म हाउस पर स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप ने होली पर्व रंगों के त्योहार पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर में गुलाल और रंग लोगों को लगाते हुए ढोल बाजे के साथ बाइक से नगर का भ्रमण भी किया। हर दुकानदार राहगीर को गुलाल एवं रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी स्कूल फ्रेंड्स ग्रुप की इस पहल से नगर में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### 10 मार्च तक बढ़ी पर्यटक स्थलों की फोटो-रील कॉन्टेस्ट की तिथि

**विदिशा।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यटक स्थलों की फोटो व रील सबमिशन कॉन्टेस्ट की अंतिम तिथि अब 10 मार्च कर दी गई है। जिलेवासी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो, रील या वीडियोग्राफी अपलोड कर निर्धारित गूगल फॉर्म भर सकते हैं। अब तक 31 प्रतिभागी सहभागिता कर चुके हैं। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

### चार दिन पहले हुई हत्या के मामले का आरोपी गिरफ्तार

# हैवानियत : 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुराचार

### एडिशनल एसपी ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 3-4 मार्च की रात्रि जिले की सीमा से सटे भोजपुर थानाक्षेत्रान्तर्गत एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की नृशंसा हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। गांव के ही एक युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए वृद्धा से दुराचार के बाद उसकी हत्या कर दी थी। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने शुक्रवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी मृतिका वृद्धा का दूर का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है।

**आरोपी ने रखी थी खाने-पीने की पार्टी:** 3 मार्च की रात्रि मृतका के पुत्र के खेत के पास पप्पू भील के खेत पर खाने-पीने की पार्टी थी। फरियादी (मृतका का पुत्र) अपनी माँ को कांकरिया वाले खेत पर बनी टापरी पर अकेली छोड़कर पार्टी में चला गया। पार्टी में रामनिवास पिता रायसिंह, पप्पू पिता कालूसिंह एवं सुनील पिता मानसिंह मौजूद थे। कुछ समय बाद रामनिवास बिना बताए वहां से चला गया। रात में भोजन के बाद फरियादी अपने आम वाले खेत पर चला गया। सुबह जब वह टापरी पर पहुंचा तो उसकी माँ वहां नहीं मिली। तलाश करने पर टापरी के पास गेहूं के खेत में उसकी माँ गंभीर अवस्था में पड़ी मिली, जिनके मुंह, नाक व जबड़े पर गंभीर चोटें थीं तथा खून निकल रहा था। पास में रामनिवास के पहने हुए कपड़े भी पड़े मिले।

**पुलिस पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा :** पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने बताया कि मृतका अपने पुत्र के साथ गाँव से दूर खेत पर बनी टापरी में रहती थी। वह (रामनिवास मृतका पर बुरी नजर रखता था और उसने उसके साथ बलात्कार करने की योजना बनाई। 3 मार्च को आरोपी रामनिवास ने मुर्गा पार्टी का बहाना बनाकर मृतका के पुत्र तथा उसके परिचित सुनील भील व पप्पू भील को बुलायाआरोपी मुर्गी खरीदकर पप्पू के खेत पर मुर्गी बनाने की तैयारी करने लगा और मृतका के पुत्र को वहीं उलझाकर स्वयं मृतका की टापरी पर चला गया। टापरी पर मृतका अकेली थी। आरोपी ने मृतका को आवाज देकर बाहर बुलाया और जबरदस्ती पकड़कर पास के गेहूँ के खेत में ले गया, जहाँ उसने मृतका के साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर आरोपी ने दाँतों से नाक व मुँह काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।



# महाविद्यालय में व्याख्यान माला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वीडियो के माध्यम से साइबर सुरक्षा जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खाईया मैडम ने साइबर सुरक्षा को लेकर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ अर्चना वर्मा ने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात कही, कार्यक्रम के तहत डॉ. अरुणा सोलंकी ने साइबर जागरूकता को लेकर अपना उद्बोधन किया। प्रो.संगीता गुप्ता मैं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.भाविक वोरा अपने साइबर जागरूकता को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.फारूक पठान, डॉ दीपिका जोशी समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रो.प्रीतम गुनावा ने माना।

**खबर संक्षेप**

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह संपन्न



**जावर।** सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में श्री सांवरिया एजुकेशन सेंटर द्वारा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के संचालक गोविंद ठाकुर ने वर्ष भर की शैक्षणिक गतिविधियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य धीरज सिंह ठाकुर ने बच्चों को भारत माता के चित्र भेंट कर उन्हें राष्ट्र सेवा और संस्कारों की सीख दी। प्राचार्य धीरज ठाकुर ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सही विषय चयन और लक्ष्य निर्धारण के गुर सिखाते हुए सफलता के मूल मंत्र साझा किए। गोविंद ठाकुर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सबका आभार व्यक्त किया।

### जांच कराने, अधीक्षक के निलंबन की मांग



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के अंतर्गत संचालित बालिका छात्रावास में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर रानी दुर्गावती सेना के संस्थापक एवं अधिवक्ता कुंवर सुमित नर्रे ने प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी। इस दौरान पीड़ित परिवार की उपस्थिति में उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय की प्रक्रिया में पुलिस और प्रशासन दोनों की जवाबदेही अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुंवर सुमित नर्रे ने इस संवेदनशील मामले में पुलिस विभाग द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही और उनके सहयोगात्मक रवैये की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिस तत्परता से जांच को आगे बढ़ाया है, उससे कानून व्यवस्था के प्रति जनता और पीड़ित परिवार का विश्वास सुदृढ़ हुआ है। नर्रे ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि ₹संस्थान की सुरक्षा में जो गंभीर चूक हुई है, उसकी जिम्मेदारी तय होना अनिवार्य है। जब तक प्रथम दृष्टया दोषी और लापरवाह छात्रावास अधीक्षक एवं संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित नहीं किया जाता, तब तक जांच की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न बना रहेगा। अधिवक्ता कुंवर सुमित नर्रे ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि 7 दिन के अंदर लापरवाह जिम्मेदारों पर निलंबन की कार्यवाही नहीं की गई, तो रानी दुर्गावती सेना द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जैन मंदिर की धर्मसभा में दया-करुणा और अहिंसा के पालन का दिया संदेश

# विवेकपूर्वक आराधना करेंगे तब पुण्य मिलेगा पापों का त्याग ही सच्चा संवरः विश्वसूर्य सागर

श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजित है वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नेमिनगर सांई कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजित वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की आराधना जिस भाव से की जाती है, उसी अनुसार पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर विवेक जागृत करते हुए अच्छे भावों के साथ धर्म साधना करनी चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि पापों के प्रवाह को रोकना ही संवर कहलाता है। जब व्यक्ति अपने कर्मबंध को रोकने का प्रयास करता है, तभी संवर का मार्ग प्रारंभ होता है। यदि व्यक्ति अपने भावों को शुद्ध और सात्विक बनाएगा तो पाप अपने आप दूर होंगे और पुण्य का अर्जन होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में करुणा और दया के भाव होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जहां करुणा और दया होती है, वहीं जीवों की रक्षा होती है और वही व्यक्ति अहिंसा धर्म का सच्चा पालन कर सकता है।

### दया और अहिंसा में ही छिपा है धर्म

मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने कहा कि भाव संवर में ही दया संवर निहित है। जब व्यक्ति अपने भावों को शुद्ध बनाता है तो वह हिंसा, झूठ और चोरी जैसे पापों से स्वतः ही दूर हो जाता है। यही भाव उसे अहिंसा के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह भी विचार करना चाहिए कि जब वह साधु-संतों को आहार देता है तो उसमें कितना विवेक और श्रद्धा रखता है।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार साधु-संत विवेकपूर्वक आहार ग्रहण करते हैं, उसी प्रकार गृहस्थ भी विवेकपूर्वक उन्हें आहार अर्पित करते हैं। यही भाव आगे चलकर धर्म के मार्ग को मजबूत बनाते हैं।

### मधुर वाणी का करें प्रयोग

धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य को सदैव मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए। कटु शब्दों का उपयोग करने से संबंधों में कड़वाहट आती है और मन में अशांति उत्पन्न होती है। हर व्यक्ति के पास विवेक होता है, लेकिन उसका सही उपयोग करना सभी को नहीं आता। हर व्यक्ति पुण्य कमाना चाहता है, लेकिन उसे यह भी देखना चाहिए कि वह कौन-सा कार्य कर रहा है और उसके पीछे क्या भाव हैं। उन्होंने कहा कि कई बार लोग घर और बाजार में तो उल्टा-सीधा बोलते हैं, लेकिन मंदिर में आकर संयमित भाषा का प्रयोग करते हैं। मंदिर में सदैव शुद्ध भावों और श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन और आराधना करनी चाहिए तथा चंचल मन पर नियंत्रण रखना चाहिए।

### दस धर्म केवल कहने के लिए नहीं

मुनिश्री ने कहा कि दस धर्म केवल कहने या सुनने के लिए नहीं हैं, बल्कि उनका जीवन में पालन करना भी आवश्यक है। व्यक्ति जब भी कोई कार्य करता है तो पहले उसके मन में भाव बनते हैं और उसी के अनुसार वह कार्य करता है। इसलिए यदि मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ना है तो अपने भावों को शुद्ध और सात्विक बनाना होगा।उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दस धर्मों का अनुसरण करता है, वह निश्चित रूप से अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ सकता है। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में आने वाले दुख-सुख को धैर्य के साथ सहन करना चाहिए। यदि व्यक्ति कर्मों को सहन करने की आदत डाल लेता है, तो वह अच्छे कार्य करने में समर्थ हो जाता है। अक्सर लोग दुख, भूख, प्यास और पीड़ा सहन नहीं कर पाते, लेकिन गलत कार्य करने से पीछे नहीं हटते। उन्होंने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति के सामने सुख और दुख आते-जाते रहते हैं,लेकिन धैर्य नहीं खोना चाहिए।

### परिश्रम, सहनशीलता से मिलता है फल

मुनिश्री ने धर्मसभा में 22 प्रकार के परिषह (कष्टों) का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को हर परिस्थिति में स्वयं को ढालने की आदत डालनी चाहिए। अच्छे भोजन, वस्त्र और सुख-सुविधाओं की आदत मनुष्य को कमजोर बनाती है, जबकि कष्ट सहन करने की शक्ति उसे आत्मिक रूप से मजबूत बनाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार किसान अपने खेत में बीज बोता है, उसे पानी देता है और खाद डालता है, तब जाकर उसे फसल प्राप्त होती है। उसी प्रकार यदि मनुष्य संवर और निर्जरा का मार्ग नहीं अपनाएगा तो आत्मकल्याण कैसे संभव होगा। मुनिश्री ने कहा कि समाधि केवल पुण्य जीवों को ही प्राप्त होती है।

# खेतों में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

**आदेश के उल्लघंन करने पर होगी कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने पर पर्यावरणीय क्षति की भरपाई के लिए जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है, जिसके तहत 02 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2500 रुपये प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ तक भूमि वाले कृषकों पर 5000 रुपये प्रति घटना और 05 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15000 रुपये प्रति घटना पर्यावरणीय मुआवजे के रूप में वसूले जाएंगे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने किसानों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए नरवाई न जलाएं और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव-गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें। साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे नरवाई न जलाएं और बताए गए वैकल्पिक उपायों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।


# दूज पर बहनों ने भाई को लगाया तिलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को श्रद्धा और प्रेम के साथ होली भाई दूज मनाया गया। यह दिन भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास, स्नेह और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों को घर बुलाकर तिलक कर उनकी लंबी उम्र, खुशहाली की कामना करती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देते हैं दरअसल, भाई दूज का पर्व साल में दो बार आता है. पहली बार यह दीपावली के बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है. वहीं, दूसरी बार होली के बाद चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को इसे मनाया जाता है, जिसे होली भाई दूज या भ्राता द्वितीया भी कहा जाता है।

# ग्राम भारती शिक्षा समिति की जिला बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरो कि जिला बैठक संकुल केंद्र टिगरिया में आयोजित की गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती प्रणवाक्षर भारत माता के समक्क्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। जिला प्रमुख रामबाबू नागर एवं नवनियुक्त तहसील प्रमुख चंद्रप्रकाश दीक्षित की उपस्थिति में बैठक में निम्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।आय व्यय पत्रक, देवपुत्र, प्रज्ञादीप, जिलांश, समर्पण, लेखाबंदी, शुल्क संग्रह, छात्र संख्या वृद्धि आदि विषयों पर चर्चा हुई। संकुल केंद्र टिगरिया, कजलाश,खजुरिया राम तीनों संकुलो के सरस्वती शिशु मंदिर से 15 प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। अंत में प्रश्नपत्रों के साथ सभी प्रधानाचार्यजी को विदाई दी । ऊक्त जानकारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

**बैठक में भक्तों से मांगे गए सुझाव**

# नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर मां बगलामुखी मंदिर पर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व की तैयारी को लेकर प्रशासन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। शुक्रवार सायं विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर संयुक्त कलेक्टर कमल मंडलोई एसडीओपी देवनारायण यादव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव थाना प्रभारी नागेश यादव की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर प्रबंध समिति द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी देते हुवे उपस्थित भक्तों से सुझाव मांगे गए। बैठक में भक्तों को आसानी से दर्शन लाभ प्राप्त हो सके, दर्शनार्थियों की सुरक्षा, पेयजल की व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय भक्तों के लिए नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक वीआईपी गेट से दर्शन की व्यवस्था की गई है। बैठक में मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान सहित स्थानीय भक्त व पंडित उपस्थित थे।

# दो साल से बापचा गांव में अधूरी पड़ी है नल-जल योजना, ग्रामीण पेय जल के लिए हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



जल निगम द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना अधूरी पड़ी है। ग्राम पंचायत बपचा बरामद में 2 वर्ष पहले नल जल योजना का कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही के कारण गांव में नल जल योजना अधूरी पड़ी है। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 2 वर्ष पहले ग्राम में नल जल योजना का कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन आज तक योजना अधूरी पड़ी है ग्राम वासियों को खेत से कुवे ट्यूबवेल से पानी लाना पड़ रहा है। जिससे ग्राम वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही गर्मी का मौसम चालू हो गया है। अब तो और ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा गांव में पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत तक नहीं की गई है। जिस पर ग्रामीणों का चलना भी मुश्किल है कई जगह सड़क की मरम्मत की गई है लेकिन वह सही नहीं है। हमने विभागीय अधिकारियों को बताया है कि जल्दी से जल्दी हमारे गांव में नल जल योजना का कार्य पूर्ण किया जाए। जिससे ग्रामीणों को पीने का पानी मिल सके वहीं खाचरोद, रोलागाव, जस्सू पूरा, बड़खोला, सिंगार चोरी, उदयपुर आदि गांव में भी नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए खेत कुएं से पानी लाना पड़ रहा है जिससे ग्रामीण जन बहुत परेशान है।

# कानड़ में जल्द ही कॉलेज की भी शुरूआत होगीः विधायक

शा. कन्या माध्यमिक विद्यालय में 70 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को अतिरिक्त कक्ष एवं लेब निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय को अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण के लिए कुल 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने की। इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह सिंह दौलतपुर, जिला मंत्री कविता शर्मा, भूपेंद्र सिंह दरबार, पार्षद विजयलक्ष्मी माली, जनपद सदस्य सुंदरलाल यादव, दिनेश अंकल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत का स्वागत प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम मालवीय का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं और इसी क्रम में विद्यालय के लिए राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रयोगशाला में सीखकर वे नगर, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत शांति व भाईचारे का संदेश देने वाला देश हे। जहां सभी समुदाय मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं।

**कॉलेज में नए भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए 15 लाख स्वीकृत**

# कॉलेज में शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना लक्ष्यः राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज सीहोर के लिए विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा आयुष मध्य प्रदेश शासन के मंत्री इंदर सिंह परमार ने 15 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत की गई राशि से विद्यार्थियों के लिए नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा और क्षतिग्रस्त पुराने भवन में सुधारीकरण कार्य संपन्न कराया जाएगा।

कॉलेज प्राचार्य रोहितशाय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के हित में विधायक सुदेश राय से हमारे द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए शासकीय मद से धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ चंद्रशेखर आजाद कॉलेज में नए भवन निर्माण के लिए 7 करोड़ 66 लाख 93 हजार और पुराने भवन के रखरखाव और अन्य जरूरी निर्माण कार्यों के लिए 7 करोड़ 77 लाख 17 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री के द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत रहना ही लक्ष्य है विद्यार्थियों के हित में हर संभव आगे भी काम किया जाएगा।

# नगर में आज निकलेगी रंग पंचमी की पारंपरिक गैर, उड़ेगा रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर में रंग पंचमी का पर्व हर साल की तरह इस वर्ष भी उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। फाग महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को नगर में पारंपरिक गैर यात्रा निकाली जाएगी, जिसे लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह आयोजन नगर की सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष किया जाता है।फाग उत्सव समिति के अनुसार गैर यात्रा की शुरुआत गांधी चौक (छोटा बाजार) से होगी। यहां से गैर बंगाली चौराहा, रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट, नीलकंठ मार्ग, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर चौराहा और बस स्टैंड होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सीएम राइज सांदीपनी स्कूल प्रांगण पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। यात्रा के दौरान नगरवासी रंग-गुलाल के साथ शामिल होंगे तथा ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की धुन पर पारंपरिक वेशभूषा में झूमते नजर आएंगे। उत्कृष्ट वेशभूषा होगी पुरस्कृतरंग पंचमी के अवसर पर गांधी चौक (छोटा बाजार) में विशेष वेशभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में नगर के लोग आकर्षक और रचनात्मक वेशभूषा बनाकर भाग ले सकेंगे। उत्कृष्ट वेशभूषा प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को फाग महोत्सव समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।समिति के सदस्यों ने बताया कि वेशभूषा प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की एंट्री सुबह 10 बजे तक ही स्वीकार की जाएगी। इसके बाद किसी भी प्रतिभागी की एंट्री नहीं ली जाएगी। इसलिए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से निर्धारित समय से पहले गांधी चौक पहुंचकर अपनी एंट्री कराने की अपील की गई है।